तापमान
अधिकतम 44.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, बुधवार 13 मई 2026

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोंड़ीउपरोड़ा





कलेक्टर ने अधिकारियों को दी सख्त चेतावनी
जनसमस्याओं के त्वरित निराकरण के निर्देश

# पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा मड़वारानी क्षेत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के ग्रामीण अंचलों में मौजूद पिकनिक स्पाट एवं ऐतिहासिक धर्म स्थलों को पर्यटन केन्द्र के रूप में विकसित करने की पूर्व से चली आ रही कार्य योजना को मूर्त रूप दिया जाएगा। इसकी शुरुआत मड़वारानी क्षेत्र से होगी। इसके लिए खनिज न्यास मद से राशि खर्च की जाएगी। प्रशासन ने इसकी योजना तैयार कर ली है।

अलग खबर

जिले में चैतुरगढ़ से लेकर बुका, टिहरीसरई और सतरेंगा जैसे पर्यटन स्थल हैं। इन पर्यटन स्थलों को विकसित करने के लिए सतरेंगा से इसकी शुरुआत की गई थी। 4 वर्ष पूर्व डीएमएफ से एक बड़ी राशि सतरेंगा को पर्यटन स्थल के रूप में तैयार करने में खर्च हुई थी। वहां मौजूद काटेज की बुकिंग के लिए ऑनलाइन सुविधा दी गई है। अब उसी तर्ज पर मड़वारानी मंदिर क्षेत्र को पर्यटन क्षेत्र के रूप में विकसित करने की तैयारी चल रही है। इसके लिए जिला प्रशासन ने कार्ययोजना बनाई है। हसदेव नदी के किनारे स्थित मड़वारानी पहाड़ के ऊपर से नजर आने वाले विहंगम दृश्य का नजारा यहां आने वाले सैलानी देख सकें इसके लिए पहाड़ के एक क्षेत्र में काटेज तैयार किया ⏭ शेष पेज 3 पर

## डीएमएफ से खर्च की जाएगी राशि

**खास बातें**

- हसदेव नदी के किनारे तैयार होगा सैलानियों के रुकने का स्थान



## सड़क और रेल कनेक्टिविटी से मिला बढ़ावा

मड़वारानी क्षेत्र जिले के सभी पर्यटन स्थलों में एक ऐसा पर्यटन स्थल है जो रेल और सड़क कनेक्टिविटी से सीधा जुड़ा है। आम लोगों की पहुंच को देखते हुए मड़वारानी को ही सबसे पहले पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने का निर्णय लिया गया है। सतरेंगा की तरह इसका भी संचालन पर्यटन बोर्ड की ओर से किया जाएगा। रेलवे स्टेशन से महज 2 किमी की दूरी से ही पर्यटन स्थल की शुरुआत हो जाती है। इस दृष्टि से मड़वारानी को पर्यटन स्थल के रूप में तैयार करने के लिए चयनित किया गया है।

### कोयला लोड कर चांपा की ओर जा रहा था वाहन

# कोरबा-चांपा मार्ग पर चलते ट्रेलर में लगी भीषण आग, बाल-बाल बचा चालक



घटनास्थल में पड़ा आग से जला ट्रेलर।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोरबा से कोयला लोड कर चांपा की ओर जा रही एक तेज रफ्तार ट्रेलर देर रात को पहंदा के समीप पहुंची थी कि चलती ट्रेलर वाहन में अचानक आग लग गई। ट्रेलर के इंजन में आग लगते ही चालक अपने वाहन से अनियंत्रण खो दिया और ट्रेलर वाहन अनियंत्रित होकर डिवाइडर के बीच जा घुसा और सीधे पलट गई। हादसे के होते ही चालक किसी तरह वाहन से कूदकर जान बचाने में सफल रहा। हादसा की सूचना मिलने पर पुलिस व फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। जहां फायर ब्रिगेड की टीम ने किसी तरह आग पर काबू किया गया। इस आगजनी से ट्रेलर मालिक को आर्थिक नुकसान हुआ है। आग किन और कैसे परिस्थितियों में हुई है यह स्पष्ट नहीं हो पाया है।

**खास बात**

- उरगा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पहंदा के समीप हुई घटना

जानकारी के अनुसार उरगा थाना क्षेत्र अंतर्गत कोरबा-चांपा मार्ग में देर रात मंगलवार की रात एक कोयला लोड ट्रेलर चालक कोरबा से चांपा की ओर जा रही थी कि पहंदा के समीप पहुंची थी कि ट्रेलर वाहन में अचानक आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि देखते ही देखते वाहन का अगला हिस्सा पूरी तरह जलने लगा। हादसे में ट्रैलर का इंजन और सामने का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, जबकि टायर सहित कई हिस्से जलकर खाक हो गए। चालक ने सूझबूझ दिखाते हुए किसी तरह समय रहते वाहन से बाहर निकलकर अपनी जान बचाई। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने उरगा पुलिस एवं फायर ब्रिगेड की टीम को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस व फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया गया लेकिन जब तक आग पर काबू पाया जाता तब तक ट्रेलर लगभग पूरी तरह से जल गई थी। हालांकि इस भीषण हादसे में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई, लेकिन समय रहते चालक के बाहर निकल जाने से एक बड़ा हादसा टल गया। आगजनी की घटना में ट्रेलर मालिक को आर्थिक क्षति उठानी पड़ी है। वहीं मामले में पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच कर रही है।

## अनियंत्रित ट्रेलर उतरा सड़क से, नहीं हुई जनहानि

कुसमुंडा क्षेत्र के भुट्टा चौक में एक ट्रेलर अचानक अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे उतर गया और कीचड़ में फंस गया। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी की स्थिति निर्मित हो गई थी। घटना का सुखद पहलू यह रहा कि किसी प्रकार की जन हानि नहीं हुई। स्थानीय लोगों की मदद से वाहन को निकालने की कोशिश की गई। आशंका जताई जा रही है कि अंधेरा और सड़क की जर्जर हालत की वजह से ट्रेलर वाहन अनियंत्रित हो गया था।



# अनियंत्रित बाइक से गिरकर युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

दोस्त का जन्मदिन मनाकर 31 वर्षीय युवक मोटरसाइकिल से अपने घर देर रात को लौट रहा था। इस दौरान उसकी मोटरसाइकिल अनियंत्रित हो गई और सड़क पर गिर गया। गिरने से युवक के सिर पर गंभीर चोट लगी थी जिससे उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज में दाखिल कराया गया था। इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई है। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर जांच शुरु कर दी है।

**खास बात**

- बालको थाना क्षेत्र के भवानी मंदिर के समीप हुआ हादसा

जानकारी के अनुसार बालको थाना क्षेत्र अंतर्गत भवानी मंदिर जोगियाडेरा निवासी ओकेश्वर यादव उम्र 30 वर्ष पिता गोपाल यादव सोमवार की रात्रि अपने दोस्त दुलारी पटेल का जन्मदिन मनाने के लिए अपने घर से कोहड़िया की ओर आया हुआ था जहां देर रात लगभग 11 बजे ओकेश्वर यादव अपने मोटरसाइकिल में सवार होकर वापस अपने घर लौट रहा था कि भवानी मंदिर के समय पहुंचा था कि उसकी मोटरसाइकिल अचानक अनियंत्रित हो गई और वह मोटरसाइकिल से सड़क में जा गिरा। गिरने से ओकेश्वर यादव के सिर में गंभीर चोट लगी जिसे उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया था जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरु कर दी है।

# हाउसिंग बोर्ड का तैयार होगा अपना नया लोगो, मांगी गई प्रविष्टियां




हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

आवासीय कालोनी तैयार करने वाले हाउसिंग बोर्ड का अब अपना नया लोगो देखने को मिलेगा। इसके लिए छात्रों एवं स्वयं सेवी संस्थाओं से प्रविष्टियां मांगी गई हैं। चयनित प्रविष्टियों को ढाई लाख रुपए का इनाम दिया जाएगा।

**खास बातें**

- छत्तीसगढ़ गृग निर्माण मंडल को बदल कर अधोसंरचना विकास मंडल किया गया नाम
- चयनित प्रविष्टियों को मिलेगा ढाई लाख रुपए का इनाम

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल अब केवल कालोनी ही नहीं बनाएगा बल्कि अन्य शासकीय भवन के साथ पुल पुलियों का भी निर्माण करेगा। इसके लिए राज्य शासन से अनुमति मिलने के बाद अब इसका नाम छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल एवं अधो संरचना विकास मंडल कर दिया गया है। अब जो भी कार्य होंगे इस नए नाम के द्वारा ही किए जाएंगे। शासकीय विभागों की फाइलों में भी अब नए नाम का उपयोग किया जाएगा। इसे नया रूप देने के लिए नया लोगो भी तैयार किया जाएगा। जो इसकी अलग पहचान बनेगी। इसके लिए आम लोगों से प्रविष्टियां आमंत्रित की गई हैं। जिनमें स्कूली एवं महाविद्यालयीन छात्र, स्वयं सेवी संस्थाएं, कलाकार एवं सोशल मीडिया संचालित करने वाले शामिल हैं। जिनके द्वारा लोगो का डिजाइन राज्य शासन को भेजा जाएगा। जिनकी डिजाइन चयनित की जाएगी उन्हें ढाई लाख रुपए का पारितोषिक राशि दी जाएगी। इसके लिए डिजाइन को छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल के ई-मेल में भेज सकते हैं।

# नदी में नहाने गया युवक डूबा, तलाश जारी, एक युवती का मिला शव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के कुसमुंडा थाना क्षेत्र में डूबने की दो अलग अलग घटना सामने आयी है। जहां अहिरन नदी में डूबकर एक युवक लापता हो गया है जिसकी खोजबीन की जा रही है। जबकि एक 24 वर्षीय युवती का शव नदी से बरामद किया गया है और मामले में वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।

**खास बात**

- दोनों ही मामले कुसमुंडा थाना क्षेत्र का, अलग-अलग हुई थी घटना



डूबा युवक की तलाश करते पुलिस व खोताखोर की टीम।

कुसमुंडा थाना क्षेत्र अंतर्गत विकास नगर अहिरन नदी में नहाने उतरे कुछ युवकों में से एक युवक के बह जाने की खबर से क्षेत्र ने हड़कंप मच गया है। मंगलवार की दोपहर एसईसीएल कुसमुंडा में कार्यरत डंफर ऑपरेटर निर्मल सिंह ठाकुर का पुत्र निखिल सिंह अपने दोस्तों के साथ विकास नगर आईबीपी क्षेत्र के एनटीपीसी रेल्वे पुल के नीचे अहिरन नदी में नहाने गया हुआ था। निखिल सिंह के दोस्त ऊंचाई से कूदकर नदी में नहा रहे थे जिसे देखकर निखिल भी ऊंचाई से कूदकर नहाने का मन हुआ और दोस्तों के साथ ऊंचाई में जाकर नदी में छलांग लगा दी, उसके दोस्त तैरकर नदी की दूसरी ओर निकल गए लेकिन निखिल नदी में छलांग लगाने के बाद गहरे पानी में चला और उपर नहीं आ सका। जिसके बाद निखिल के दोस्त उसे खोजने का काफी प्रयास किया लेकिन निखिल का कुछ भी पता नहीं चल सका। जिसके बाद निखिल के दोस्तों ने उसके घर में सूचना दी। परिजनों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने गोताखोरों की मदद से निखिल का तलाश किया गया जो अब तक नहीं मिल पाया है। इसी तरह दूसरी घटना भी कुसमुंडा थाना क्षेत्र की है। ग्राम खमरिया वैशाली नगर से लापता हुई एक 24 वर्षीय निर्मला यादव का शव मंगलवार की सुबह अहिरन नदी में मिला। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों ⏭ शेष पेज 3 पर

### मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार कृष्ण दास पहुंचे कोरबा, बदलते दौर में पत्रकारिता पर दिया व्याख्यान

# मीडिया समाज को बनाती है ताकतवर : राव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बदलते दौर में मीडिया की जिम्मेदारी, पत्रकारिता की विश्वसनीयता और समाज में संवाद की भूमिका को लेकर कोरबा प्रेस क्लब ने कार्यक्रम का आयोजन किया। कोरबा प्रेस क्लब के तिलक भवन में विशेष विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम में पत्रकारिता से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर गंभीर चर्चा हुई, जिसमें लोकतंत्र में मीडिया की अहम भूमिका को रेखांकित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता छत्तीसगढ़ शासन में कैबिनेट मंत्री



पत्रकारों को संबोधित करते हुए।

दर्जा प्राप्त सलाहकार एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सलाहकार आर कृष्ण दास रहे। कार्यक्रम में सर्वप्रथम दीप प्रज्वलित कर श्री दास ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया जिसके उपरांत उन्होंने छत्तीसगढ़ में मीडिया की भूमिका विषय पर अपना संबोधन देते हुए कहा कि मीडिया केवल खबरों का माध्यम नहीं, बल्कि समाज को जागरूक और जिम्मेदार बनाने की ताकत भी है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती में पत्रकारों की बड़ी भूमिका होती है और निष्पक्ष, तथ्यपरक व जिम्मेदार पत्रकारिता आज समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। न्होंने पत्रकारों से सामाजिक सरोकारों को प्राथमिकता देने और सकारात्मक संवाद को आगे बढ़ाने की अपील की। कार्यक्रम में कोरबा प्रेस क्लब के पदाधिकारी, जिले के वरिष्ठ पत्रकार, युवा मीडिया कर्मी और सामाजिक क्षेत्र से जुड़े कई लोग मौजूद रहे। इस दौरान मीडिया के बदलते स्वरूप, डिजिटल प्लेटफॉर्म की बढ़ती चुनौती और पत्रकारिता की विश्वसनीयता जैसे विषयों पर भी चर्चा हुई। कार्यक्रम के अंत में कोरबा प्रेस क्लब के वरिष्ठ पत्रकार व कोरबा प्रेस क्लब के पदाधिकारियों ने शाल व श्रीफल से श्री दास का सम्मान किया।

## खबर संक्षेप

### सिकल सेल रोग जांच हेतु निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर

**कोरबा।** स्वास्थ्य विभाग एवं यूनिसेफ के सहयोग से जिले में 5 से 18 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य एवं समय पर रोग की पहचान के उद्देश्य से बाल मधूमेह ( टाईप-1 डायबिटीज) एवं सिकल सेल रोग (एससीडी) स्क्रीनिंग हेतु 18 मई को रानी धनराज कुंवर देवी शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कोरबा एवं 20 मई को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कटघोरा में प्रातः 9 बजे से 2 बजे तक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा बच्चों की स्वास्थ्य जाँच, परामर्श एवं आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया जायेगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एस. एन. केशरी ने जिले के सभी अभिभावकों से अनुरोध किया है कि अपने बच्चों को समय पर शिविर में लाकर स्वास्थ्य परीक्षण करवाएं एवं निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाएं।

### गिधौरी में जनसमस्या निवारण शिविर आज

**कोरबा।** सुशासन तिहार अंतर्गत राज्य शासन के निर्देशानुसार कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत के मार्गदर्शन में आम जनता के समस्याओं के निराकरण करने, उन्हें शासकीय योजनाओं की जानकारी देने तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किये जाने के उद्देश्य से जिले के विभिन्न कलस्टर ग्रामों में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में 13 मई को प्रातः 10 बजे से विकासखंड करतला के ग्राम गिधौरी में जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित की जायेगी। इसी तरह 14 मई को कटघोरा के ग्राम सिंघाली एवं कोरबा के ग्राम केराकछार, 15 मई को पोंड़ीउपरोड़ा के ग्राम सिरमिना, 16 मई को पाली के ग्राम रामाकछार और 19 मई को पोंड़ीउपरोड़ा के ग्राम लमना, पाली के ग्राम नगोई व कटघोरा के ग्राम डोंगरी में शिविर आयोजित होंगे।

### निःशुल्क मानसिक स्वास्थ्य शिविर 16 एवं 17 मई को

**कोरबा।** कलेक्टर कुणाल दुदावत के मार्गदर्शन में तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एस. एन. केशरी के नेतृत्व में भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी, जिला शाखा कोरबा द्वारा 16 एवं 17 मई को निःशुल्क मानसिक रोग निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर जैन भवन, पुराना बस स्टैंड, कोरबा में आयोजित होगा। शिविर में मुंबई के नायर हॉस्पिटल से संबद्ध क्लीनिकल साइकोलॉजिस्ट श्रीमती विनिता खंडूरी अपनी सेवाएँ प्रदान करेंगी। शिविर का उद्देश्य नागरिकों को मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के समाधान हेतु विशेषज्ञ परामर्श एवं उपचार उपलब्ध कराना है। कलेक्टर कुणाल दुदावत एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एस. एन. केशरी ने जिले के नागरिकों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस निःशुल्क परामर्श एवं उपचार सुविधा का लाभ उठाएँ।

### इंटर्नशिप योजना से युवाओं को मिलेगा रोजगारोन्मुख अवसर

**कोरबा।** जिले के युवाओं के लिए प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना एक सुनहरा अवसर लेकर आई है। इस योजना के अंतर्गत युवाओं को देश की प्रतिष्ठित कंपनियों एवं संस्थानों में इंटर्नशिप के माध्यम से कार्य करने का अवसर प्रदान किया जाएगा, जिससे उन्हें वास्तविक कार्य अनुभव प्राप्त होगा और भविष्य में रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध हो सकेंगे। योजना के तहत चयनित युवाओं को प्रतिमाह लगभग 9000 रूपये की छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। साथ ही 6 से 9 माह तक का कार्य अनुभव प्राप्त होगा, जिससे युवाओं के कौशल, आत्मविश्वास और व्यावसायिक क्षमता का विकास होगा। युवाओं को इस योजना से जोड़ने हेतु माय भारत प्लेटफॉर्म का उपयोग किया जा रहा है।



## खबर संक्षेप

### अलग-अलग घटनाओं में दो पर चाकू से हमला

**बिलासपुर।** अलग अलग घटनाओं में मामूली विवाद में दो लोगों पर चाकू हमला कर दिया गया है। तारबाहर पुलिस के अनुसार, तारबाहर निवासी शेख समीर बक्स पिता शेख कलीम बक्स 11 मई की रात 10.40 बजे मसीह टेंट हाउस के पास थे। इसी दौरान बापूनगर निवासी प्रियांशु बक्सेल, मनीष बाइक से आए और उनसे बातचीत करने के बाद अपने साथ चलने कहा। मना करने पर दोनों युवक उनके साथ गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए चाकू से उनके दाहिने पैर में हमला कर भाग गए। दूसरी घटना में सरकण्डा पुलिस के अनुसार, नकुल यादव पिता संतोष यादव 11 मई को दोपहर 2 बजे अमरैया चौक से बुआ के घर सूर्या चौक जा रहे थे। लक्ष्मी चौक के पास शनि , नवीन ठाकुर उनसे पैसा मांगने लगे। मना करने पर दोनों गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट कर चाकू से गर्दन के पीछे हमला कर दिया। पुलिस ने दोनों मामले में हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर खानापूर्ति कर ली है।

### आरक्षक की मौत मामले में सीसीटीवी फुटेज जब्त

**बिलासपुर।** इलाज के दौरान आरक्षक की मौत के मामले में पुलिस ने हास्पिटल से सीसीटीवी कैमरे की फुटेज व इलाज करने वाले डाक्टरों की सूची जब्त कर ली है। बिसरा को जांच के लिए लैब भेजने की तैयारी चल रही है। सरकण्डा थाने आरक्षक सत्या पाटले की पथरी की इलाज के दौरान मौत के मामले में जांच के लिए पृथक से 7 मई को एसएसपी रजनेश सिंह ने सिविल लाइन सीएसपी निमितेश सिंह परिहार के नेतृत्व पांच सदस्यी टीम का गठन किया था। उसी दिन टीम के द्वारा नेहरू नगर स्थित श्रीराम केयर हास्पिटल का निरीक्षण कर सभी कैमरे की फुटेज उपलब्ध कराने प्रबंधन को नोटिस दिया था। हास्पिटल प्रबंधन की ओर से सभी जगहों की सीसीटीवी कैमरे की फुटेज व आरक्षक की इलाज करने वाले डाक्टरों की सूची पुलिस को उपलब्ध करा दी गई है। टीम के द्वारा सीसीटीवी कैमरे के फुटेज का अवलोकन किया जा रहा है। वहीं आरक्षक की बिसरा जांच के लिए फोरेंसिक लैब भेजने की तैयारी चल रही है। ज्ञात हो कि आरक्षक पाटले को किडनी में पथरी की शिकायत थी।10 दिनों तक उनका श्रीराम केयर हास्पिटल में इलाज चला। इलाज के दौरान 1 मई की शाम 6 बजकर 12 मिनट में उनकी मृत्यु हो गई थी।

### दो ट्रांसपोर्टरों में जमकर मारपीट, जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** गाड़ी में गलत नम्बर लगाने को लेकर दो ट्रांसपोर्टरों के बीच जमकर मारपीट हो गई। पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सीपत पुलिस के अनुसार, जांजी बंगलाभाठा निवासी ट्रांसपोर्टर अमन यादव पिता राकेश यादव ने रिपोर्ट लिखाई। 10 मई को रात 1.30 बजे उनके सुपरवाइजर यशवंत साहू से राखड़ निकालने गाड़ी में गलत नम्बर लगाते हो कहकर आशीष सोनी, सोम गुप्ता व अन्य लोगों ने ग्राम पंधी आर्यन पेट्रोल पंप केम्पस में जमकर मारपीट की। सूचना पर श्री यादव ने मौके पर जाकर बीच बचाव किया तो उनके साथ भी मारपीट कर धक्का देकर गिरा दिया गया। दूसरे पक्ष से मटियारी निवासी ट्रांसपोर्टर आशीष सोनी ने आरोप लगाया है वे एनटीपीसी के वेट मशीन के पास बैठकर पर्ची काट रहे थे, तब अमन यादव, विनय यादव, शिव यादव व अन्य लोग आए और पुराने विवाद को लेकर मारपीट की। पुलिस ने दोनों पक्षों की रिपोर्ट पर हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

# विश्वसनीय पत्रकारिता के साथ हरिभूमि ने सामाजिक सरोकार में निभाई अग्रणी भूमिका





हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अंचल के प्रमुख समाचार पत्र हरिभूमि बिलासपुर संस्करण के 25 वर्ष पूर्ण होने पर मंगलवार को होटल इंटरसिटी में शानदार कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्रेस अभिकर्ता व विज्ञापन एजेंसियों के संचालक बड़ी संख्या में मौजूद रहे। सभी ने संस्थान को शुभकामनाएं दी। इस खास मौके पर सभी ने हरिभूमि की सफल यात्रा, निष्पक्ष पत्रकारिता एवं सामाजिक सरोकारों को लेकर किए जा रहे कार्यों की सराहना की।

- स्थापना दिवस पर आयोजित किया गया कार्यक्रम

प्रेस अभिकर्ताओं ने कहा कि हरिभूमि ने बिलासपुर सहित पूरे प्रदेश में विश्वसनीय समाचारों के माध्यम से अपनी अलग पहचान बनाई है। अखबार ने जनहित के मुद्दों को प्रमुखता से उठाते हुए समाज के हर वर्ग की आवाज बनने का कार्य किया है। विज्ञापन एजेंसियों के प्रतिनिधियों ने भी हरिभूमि के साथ अपने लंबे जुड़ाव को साझा करते हुए कहा कि संस्थान ने व्यावसायिक और सामाजिक दोनों स्तरों पर मजबूत विश्वास कायम किया है। कार्यक्रम के दौरान हरिभूमि की 25 वर्षों की उपलब्धियों को याद किया गया और संस्थान की आगे की योजनाओं पर चर्चा भी हुई। रणधीर राय ने कहा की हरिभूमि पत्रकारिता के साथ-साथ समाजिक सरोकार में भी सदैव अग्रणी भूमिका निभाता रहा है। बेहद प्रसन्नता का विषय है कि हरिभूमि अखबार 25 वर्ष पूर्ण करने जा रहा है। इस लंबी अवधि में हरिभूमि अखबार ने अपनी निष्पक्ष निर्भीक खबरों से एवं विशिष्ट लेखन शैली से पाठकों के बीच अपनी अलग पहचान बनाई है।

भरत यादव ने कहा कि कि देश और समाज के लिए सामाजिक सरोकार की पत्रकारिता का होना आवश्यक होता है। पवन सोनी ने कहा कि बिलासपुर की खबरों में हरिभूमि ने अलग छाप पाठकों के बीच छोड़ी है,इससे विश्वास जुड़ा ही है, इसके साथ पत्रकारिता का भी मान बढ़ाया है।




### इनकी रही उपस्थिति

इस मौके पर रणधीर राय,पवन सोनी, भरत यादव, शिव तिवारी, कोमल पुरी गोस्वामी, खोरबहरा देवांगन, रामकुमार यादव,परदेशी यादव, विवेक मौर्य,प्रहला कौरी,राजेश साहू, भरत क्षत्री, महाप्रबंधक प्रियंक सिंह परिहार, उपमहाप्रबंधक मनीष त्रिपाठी,अरूण ज्योतिषी, बालकृष्ण सोनी,राकेश मानिकपुरी, शैलेन्द्र पांडेय मौजूद रहे।

### पाठकों के बीच अलग मुकाम

प्रयास एड एजेंसी के डायरेक्टर विनोद- ममता पांडेय ने कहा की हरिभूमि अखबार समाजिक सरोकार में अग्रणी रहा है। इस अखबार ने पत्रकारिता के साथ सामाजिक सरोकार में भी अहम भूमिका निभाई है। अखबार ने निष्पक्ष खबरों से एवं विशिष्ट लेखन शैली से पाठकों के बीच अपना एक अलग ही मुकाम बनाया है।

### चौथे स्तंभ की निभाई भूमिका

जेजे एडवरटाइर्जस की डायरेक्टर जुही जैन ने कहा कि देश और समाज के हित में पत्रकारिता को निरंतर प्रोत्साहित करें और प्रजातंत्र के चौथे स्तंभ के रूप में अपनी भूमिका का निर्वहन पूरी जिम्मेदारी के साथ करें। उन्हें विश्वास है कि हरिभूमि समाचार पत्र जन-जन की आवाज आवाज बनेगा।

### जन-जन की बने आवाज

सिध्दी विनायक एडवरटाइजर्स के डायरेक्टर मोहन होनप ने कहा कि 25वें वर्ष पूर्ण करने की बधाई दी। इन्होंने कहा कि जनता की आवाज बनकर यह अखबार जन-जन के बीच सदैव इसी तरह पहुंचते रहे। ऐसी कामना है कि स्वर्ण जयंती मनाए।

### जागरूकता की खबरें प्रमुख

शिवम एड एजेंसी के डायरेक्टर शंकर रॉव ने कहा कि देश के विकास की बात करें या सामाजिक सरोकार की, हरिभूमि समाचार पत्र ने अपने कर्तव्यों व दायित्वों का निर्वहन करते हुए सजगता व जागरुकता की खबरों को समाचार पत्र में प्रमुखता से स्थान दिया है।

### पाठकों का विश्वास जीता

अमित पब्लिसिटी के डायरेक्टर भुवन वर्मा ने कहा कि हरिभूमि ने हमेशा समाज के महत्वपूर्ण मुद्दों को प्रमुखता से प्रकाशित कर पाठकों का विश्वास जीता है। 25 वर्षों की यह यात्रा संस्थान की मेहनत और समर्पण का परिणाम है।

### निष्पक्षता की मिसाल

विप्रा एड एजेंसी के डायरेक्टर सुदेश दुबे ने कहा कि हरिभूमि ने पत्रकारिता में विश्वसनीयता और निष्पक्षता की नई मिसाल कायम की है। आने वाले वर्षों में भी संस्थान इसी तरह आगे बढ़ता रहे। संस्था इसी तरह समाजहित में कार्य करती रहे, यही शुभकामनाएं।

### हरिभूमि के लिए गौरव का क्षण

रौनक पब्लिकसिटी के डायरेक्टर हरीश अग्रवाल ने कहा कि हरिभूमि सिर्फ समाचार पत्र नहीं, बल्कि समाज की आवाज बनकर कार्य कर रहा है। 25 वर्ष पूरे करना गौरव की बात है।

### अखबार जनभावनाओं से जुड़ा

रिध्दी-सिध्दी एड एजेंसी के डायरेक्टर योगेश वर्मा ने कहा कि हरिभूमि ने हर वर्ग के लोगों की समस्याओं और उपलब्धियों को मंच प्रदान किया है। यह अखबार जनभावनाओं से जुड़ा हुआ माध्यम है।

### खबरों से बनी पहचान

इंटर पब्लिकेशन एजेंसी के डायरेक्टर रमणीक ने कहा कि हरिभूमि ने अपने कार्यों से बिलासपुर सहित पूरे क्षेत्र में मजबूत पहचान बनाई है। संस्थान का भविष्य और अधिक उज्ज्वल हो, यही शुभकामना है।

### निरंतर प्रगति का प्रतीक

श्यामनानी एड एजेंसी के डायरेक्टर राजेश श्यामनानी ने कहा कि हरिभूमि ने समाचारों की गुणवत्ता और विश्वसनीयता से पाठकों के दिलों में विशेष स्थान बनाया है। 25 वर्षों की उपलब्धि प्रेरणादायक है। हरिभूमि का सफर संघर्ष, समर्पण और निरंतर प्रगति का प्रतीक है। संस्थान आगे भी नई उंचाइयों को प्राप्त करे। इस अवसर सभी अतिथियों ने हरिभूमि के उत्तरोत्तर विकास की कामना करते हुए शुभकामनाएं दी।

## निगम की एमआईसी में जमकर हंगामा, महापौर ने उपायुक्त को जमकर फटकारा

# रिश्तेदारी है तो स्वच्छता पेट्रोलिंग को अपने घर में रखें, किससे पूछ कर नियुक्ति की, हटाओ सभी को

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नगर निगम की एमआईसी की बैठक में जमकर हंगामा हुआ और लगभग सभी अधिकारी महापौर श्रीमती पूजा विधानी के टारगेट पर रहे।खास तौर पर उपायुक्त व जोन कमिश्नर प्रवेश कश्यप को जमकर फटकार लगाई गई। महापौर ने चर्चित स्वच्छता पेट्रोलिंग के स्टाफ को विवाद के बाद फिर वापस रखने और गोकुल धाम में डेयरी की जगह सर्विसिंग सेंटर खुलने के मामले में हड़काया। तो लोककर्म विभाग के चेयरमेन बन्धु मौर्य ने बिना जानकारी के निर्माण कार्य पर इंजीनियरों की क्लास ली। बैठक में मोपका चौक के चर्चित काम्प्लेक्स का मुद्दे पर भी बहस हुई।

निगम के दृष्टि सभा कक्ष में मंगलवार को बैठक शुरू होते ही महापौर पूजा विधानी ने उपायुक्त और जोन कमिश्नर प्रवेश कश्यप से जवाब तलब किया कि आपने वसूली कांड के बाद भी चर्चित स्वच्छत्ता पेट्रोलिंग के कर्मचारियों को कैसे और किसके आदेश पर वापस रख लिया। आप कौन होते है इन्हें क्लीनचिट देने वाले, क्या यह आपके रिश्तेदार है। साथ ही महापौर ने चर्चित वसूलिकाण्ड में आरोपी स्टाफ को तत्काल हटाकर कुत्ता पकड़ने के अभियान में लगाने और स्वच्छत्ता पेट्रोलिंग में दूसरे और बेहतर स्टाफ रखने हिदायत दी। वहीं गोकुल नगर को लेकर भी महापौर ने अधिकारियों की क्लास ली। यहां हितग्राहियों के लिए डेयरी खोलने दी गई जमीन पर सर्विसिंग सेंटर खोल दिया गया है।महापौर ने पूछा कि डेयरी के नाम पर दुकानें कैसे चल रही है। महापौर चेतावनी दी कि यह सब नई चलेगा अपना हिसाब किताब ठीक करिए मनमानी नही चलेगी। इसी दौरान एक महिला एमआईसी सदस्य ने भी जोन कमिश्नर प्रवेश कश्यप पर जनप्रतिनिधियों से अच्छा व्यवहार नहीं करने का आरोप लगाते हुए कहा कि उन्होंने उन्हें आवारा मवेशियों को लेकर फोन किया था तो उन्होंने उनकी बात नहीं सुनी गई और मोबाइल बन्द कर दिया गया।




### सीवरेज के लिए ठेकेदार को चौथी बार एक्सटेंशन

बैठक में भूमिगत सीवरेज परियोजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, सफाई कर्मियों की आपूर्ति, प्लेसमेंट कर्मचारियों की समयावृद्धि और स्वामी आत्मानंद कॉलेज के लिए भूमि आवंटन समेत कुल 7 प्रस्तावों पर चर्चा की गई। बैठक में भूमिगत सीवरेज परियोजना के शेष कार्यों को पूरा करने के लिए मार्स प्लानिंग एंड इंजीनियरिंग सर्विसेस प्रा.लि. अहमदाबाद को चौथी बार समयावृद्धि देने का प्रस्ताव रखा गया। मई 2026 से सितंबर 2026 तक 4 माह की अवधि के लिए लगभग 9.58 लाख रुपए अतिरिक्त व्यय की स्वीकृति प्रस्तावित की गई। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 के तहत पंप हाउस, मिट्टी टीला, तालापारा, मिनीमाता, अमेरी और परसदा क्षेत्र में किफायती आवास निर्माण से जुड़े प्रस्तावों की जानकारी दी गई।

### रिकार्ड तैयार रखने कहा

महापौर ने गोकुल नगर का सर्वे कराकर बकाया और अब तक वसूल की गई राशि का रिकॉर्ड तैयार रखने की बात कही। साथ ही सरकंडा नूतन चौक के व्यवसायिक परिसर को लेकर भी जवाब तलब किया गया कि अभी तक कितनी दुकानें आबंटित की जा चुकि हैं और कितनी बाकी है। वही एमआईसी सदस्य तिलकराम साहू ने मोपका चौक के चर्चित व्यवसायिक काम्प्लेक्स का मामला उठाया जिसे निगम प्रशासन ने खाली कराकर अपने आधिपत्य में लेना लिखवाया है। इसके साथ ही 60 सफाई कर्मचारियों और सुपरवाइजरों की आपूर्ति के लिए जनवरी 2026 तक अतिरिक्त समयावृद्धि का प्रस्ताव रखा गया। इस पर लगभग 8.85 लाख रुपए खर्च होने का अनुमान है।

### स्वामी आत्मानंद कॉलेज के लिए 5 एकड़ जमीन

बैठक में इसके साथ ही स्वामी आत्मानन्द कॉलेज के लिए कलेक्टर से 5 एकड़ जमीन की मांग पर चर्चा की गई। एमआईसी में ग्राम घुरू स्थित निगम की भूमि में से 5 एकड़ जमीन स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय को भवन, छात्रावास और खेल मैदान निर्माण के लिए आवंटित करने संबंधी अनापत्ति प्रस्ताव भी रखा गया। इसके बदले निगम को समतुल्य भूमि देने की शर्त रखी गई है। बैठक के अंत में एमआईसी की कार्यवाही की पुष्टि संबंधी प्रस्ताव भी प्रस्तुत किया गया। फिलहाल यह कालेज पुराने हाईकोर्ट परिसर में संचालित हो रहा है।

## दो भाइयों के खिलाफ धोखाधड़ी का जुर्म दर्ज

# व्यापार में डबल पैसा कमाने का झांसा देकर 3 करोड़ की ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

व्यापार में डबल पैसा कमाने का झांसा देकर शहर के व्यापारियों से 3 करोड़ रुपए की ठगी करने वाले दो भाइयों के खिलाफ पुलिस ने धोखाधड़ी का जुर्म दर्ज कर लिया है।



सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, विनोबा नगर निवासी व्यापारी विनय कुमार गुप्ता पिता नंदलाल गुप्ता 63 साल से वर्ष 2024 में अशोक डिडवानी, उसके भाई रोहित डिडवानी ने उनसे मुलाकात की। दोनों ने श्री गुप्ता को मनिहारी के व्यापारी में डबल पैसा कमाने का झांसा दिया गया। मोटी रकम कमाने के लालच में आकर पैसा लगाने लगे। शुरूआत में दोनों भाई उन्हें डबल राशि देने लगे। उसके बाद उन्हें अधिक रकम लगाने पर अधिक लाभ होने का लालच दिया गया। श्री गुप्ता उनके झांसे में आकर अलग अलग किश्तों में दोनों भाइयों को 3 करोड़ रुपए दे दिए। उसके बाद उन्हें मुनाफा की राशि नहीं मिल रही थी। मुनाफा की राशि मांगने पर दोनों भाई कई तरह के बहानेबाजी कर घुमाने लगे। श्री गुप्ता ने उनसे अपना मूलधन 3 करोड़ रुपए लौटाने के लिए कहा तो दोनों भाई मुकर गए। पुलिस ने शिकायत की जांच के बाद श्री गुप्ता की रिपोर्ट पर दोनों भाईयों के खिलाफ धोखाधड़ी का जुर्म दर्ज कर लिया है।

# प्लेटफार्म उन्नयन कार्य से ट्रेन परिचालन प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

खोंरधा रोड मंडल के पुरी रेलवे स्टेशन पर प्लेटफार्म उन्नयन कार्य किया जाएगा, जिसके कारण 15 से 30 मई तक इस मार्ग पर चलने वाली ट्रेनों के पहिए थमने के अलावा कई ट्रेनों का मार्ग परिवर्तित भी किया जाएगा।

ईस्ट कोस्ट रेलवे खोरधा रोड मंडल अंतर्गत पुरी रेलवे स्टेशन में प्लेटफार्म उन्नयन कार्य करने के कारण दूसरे जोन के साथ एसईसीआर से चलने वाली गाड़ियां भी प्रभावित होगी। 19 व 26 मई को 12146 पुरी-लोकमान्य तिलक टर्मिनस एलटीटी एक्सप्रेस मालतीपाटपुर स्टेशन से शुरु होकर पुरी से मालतीपाटपुर स्टेशन के बीच रद्द रहेगी। 17, 24 मई को 12145 लोकमान्य तिलक टर्मिनस एलटीटी-पुरी एक्सप्रेस मालतीपाटपुर स्टेशन पर समाप्त करने बाद मालतीपाटपुर से पुरी के बीच, 15, 22, 29 मई को 12993 गांधीधाम-पुरी एक्सप्रेस मालतीपाटपुर स्टेशन में समाप्त की जाएगी। वहीं मालतीपाटपुर स्टेशन में समाप्त और शुरु होने वाली गाड़ियों में 20 व 27 मई को 22973 गांधीधाम-पुरी एक्सप्रेस, 23 व 30 मई को 22974 पुरी-गांधीधाम एक्सप्रेस, 21 च 28 मई को 22909 वलसाड़-पुरी एक्सप्रेस, 17 व 26 मई को 20917 इंदौर-पुरी हमसफर एक्सप्रेस, 21 व 28 मई को 20918 पुरी-इंदौर हमसफर एक्सप्रेस, 20 व 27 मई को 20472 पुरी-श्री गंगानगर एक्सप्रेस, 17 व 24 मई को 20471 श्रीगंगानगर-पुरी एक्सप्रेस ट्रेन समाप्त करने के बाद मालतीपाटपुर से पुरी के बीच रद्द की जाएगी।




# एक्स-रे के लिए पैसे की मांग, पीड़ित ने की शिकायत

**बिलासपुर।** सिम्स में इलाज कराने पहुंचे पीड़ित व परिजन से एक्सरे के लिए रूपए मांगने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने इसकी शिकायत अस्पताल अधीक्षक से की है, जिसके बाद से मामला गरमा गया है।

- सिम्स के रेडियोलॉजी विभाग का मामला
- कर्मचारी पर लगे गंभीर आरोप

मिली जानकारी के अनुसार मरीज अमन कश्यप को पेशाब की नली में इंफेक्शन की परेशानी है, इसके लिए डाक्टरों ने उसे एक्सरे करने की सलाह दी। जिसके बाद मरीज अपने भाई अमर कश्यप के साथ 12 मई की सुबह 10.30 बजे सिम्स पहुंचा और रेडियोलॉजी विभाग के एक्सरे रूम गया, जहां पर्ची कटाकर अपनी बारी का इंतजार करने के लिए कह दिया गया, लेकिन जब बारी आई तो उसे कल आने को कहा गया। जिसके बाद मरीज और कर्मचारी के बीच कहासुनी हो गई। वहीं मामले पीड़ितों का आरोप है कि कर्मचारी ने 600 रूपए की मांग की जिसके बाद विवाद हो गया है। रेडियोलॉजी विभाग के कुछ कर्मचारियों ने बताया कि जिस परेशान के साथ मरीज एक्सरे जांच के लिए पहुंचा था, उसमें आधा घंटे का समय लगता है, उसे 13 मई के सुबह की डेट दी गई थी, ताकि जांच पूरा किया जा सके।



दरअसल मरीज को कैथेटर, ट्यूब और दवा की जरूरत पड़ती है, जिसके कारण उसे जांच के दौरान नग्न भी होना पड़ता है, प्रक्रिया जटिल होने के कारण समय भी अधिक लगता है लेकिन मरीज व परिजन जबरिया जांच के लिए आमादा थे, जिससे विवाद की स्थिति बनी है। इस मामले में अस्पताल अधीक्षक ने जांच का आश्वासन दिया है।

### मामले की जांच की जाएगी

मरीज के परिजन आए थे, उनकी शिकायत है कि जांच के नाम पर रूपए मांगे गए हैं लेकिन इसकी जांच की जाएगी, विभागीय जांच में अगर इसकी पुष्टि होगी तो कर्मचारी पर कार्रवाई तय की जाएगी।

**-डा.लखन सिंह** अस्पताल अधीक्षक, सिम्स

### सट्टा खिलाते सटोरिया गिरफ्तार

**बिलासपुर।** पुलिस ने सट्टा खिलाते एक सटोरिए को पकड़कर गिरफ्तार कर लिया है। खाईवाल पर कार्रवाई नहीं की गई है।

सिरगिट्टी पुलिस को सूचना मिली तिफरा बजार चौक में एक युवक सट्टा खिला रहा है। पुलिस ने मौके पर दबिश देकर सट्टा खिलाते रामनारायण तिवारी पिता स्व. रामसाय तिवारी 64 साल को पकड़ लिया। उसके पास से 1950 रुपए नकद व सट्टापट्टी जब्त की गई है। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है।

# वन अमले ने पौधे कटाई मामले में आरोपियों को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

वन परिक्षेत्र अंतर्गत अधिसूचित वनक्षेत्र चिलमा वनखण्ड में बड़े पैमाने पर अवैध पौधे कटाई का मामला सामने आया है। वन विभाग ने कार्रवाई करते हुए कई आरोपियों के खिलाफ वन अपराध प्रकरण दर्ज किया है। यह कार्रवाई वनमण्डलाधिकारी आलोक कुमार वाजपेयी के निर्देशन में की गई।

जानकारी के अनुसार राजपुर वन परिक्षेत्र के चिलमा वनखण्ड कक्ष क्रमांक आरएफ़ 2734 एवं आरएफ़ 2735 में कुछ ग्रामीणों द्वारा अवैध रूप से वन क्षेत्र की सफाई कर बड़ी संख्या में पौधे की कटाई की गई थी। मामले की जानकारी मिलने पर एसडीओ आरएस लाल श्रीवास्तव, वन परिक्षेत्राधिकारी अजय वर्मा, पुलिस बल एवं ग्रामीणों की मौजूदगी में मौके पर जांच की गई। जांच के दौरान पाया गया कि साल, साजा, करमी, धावड़ा तथा करौंदा मिश्रित प्रजाति के कुल 536 नग पौधों को काटकर मौके पर ही छोड़ दिया गया था। वन विभाग ने इस मामले में हरेन्दर कुशवाहा, रामलाल, अलबीस बड़ा, रंजीत बड़ा, सुरेन्द्र, रबीन्द्र, मीराज, केन्दा सहित अन्य ग्रामीणों को आरोपी बनाया है। सभी आरोपी ग्राम चिलमाकला, झींगाडांड़, परसागुड़ी, भदरापारा एवं चिलमा जंगल के आसपास के निवासी हैं। वन विभाग द्वारा 11 मई को ग्राम चिलमा एवं परसागुड़ी के ग्रामीणों की उपस्थिति में मौका पंचनामा तैयार किया गया तथा कटाई-सफाई में शामिल आरोपियों के विरुद्ध विधिवत कार्रवाई शुरू की गई।

# सेंट्रल बैंक से आम महिला समूह के नाम पर 6 लाख का लोन, महिला फरार

**लखनपुर।** ग्राम पंचायत कोसगां में संचालित आम महिला समूह से जुड़ा एक गंभीर मामला सामने आया है। समूह की 10 महिला सदस्यों के नाम पर कथित रूप से बिना जानकारी और सहमति के करीब 6 लाख रुपये का लोन निकाल लिया गया। अब महिलाओं के खातों से ब्याज की राशि कटने लगी है, जिससे महिलाएं परेशान होकर बैंक के चक्कर लगाने को मजबूर हैं। जानकारी के अनुसार वर्ष 2015 से संचालित आम महिला समूह में गांव की 10 महिलाएं सदस्य हैं। समूह की महिलाओं का आरोप है कि गांव की एक सक्रिय महिला अंबानी ने समूह की अध्यक्ष सुरजो बाई को साथ लेकर सेंट्रल बैंक से दो-तीन किस्तों में लगभग 6 लाख रुपये की राशि निकलवा ली। महिलाओं का कहना है कि इस पूरी प्रक्रिया की जानकारी अन्य सदस्यों को नहीं दी गई और उनके फर्जी हस्ताक्षर कर प्रस्ताव तैयार कर लोन स्वीकृत कराया गया। मामले का खुलासा उस समय हुआ जब समूह की महिलाओं के खातों से लोन की ब्याज राशि कटने लगी। इसके बाद समूह की सचिव एवं अन्य महिलाएं सेंट्रल बैंक पहुंचीं, जहां उन्हें पता चला कि उनके समूह के नाम पर लाखों रुपये का ऋण लिया गया है।

# ट्रांसपोर्टर की दुकान में मिला नकली मसाला

**बिलासपुर।** शहर में बड़ी मात्रा में नकली खादय सामग्री बेची जा रही है, इसकी भनक विभाग को भी है। यही कारण है कि हर हफ्ते नकली खाद्य सामाग्री जब्त की जा रही है। ताजा मामला व्यापार विहार में सामने आया है। जहां एवरेस्ट ब्रांड के नकली मसाला पाया गया है। जिसके बाद विभाग ने माल को जब्त कर लिया है, वहीं कंपनी के अधिकारियों से संपर्क कर इसकी पुष्टि करने का आदेश दिया है। मिली जानकारी के अनुसार खाद्य अधिकारियों को सूचना मिली थी कि व्यापार विहार स्थित मारूति गुड्स गैरजे में नकली मसाला लाया गया है। सूचना पर खाद्य विभाग की टीम ने छापा मार कार्रवाई की और इस दौरान 9 बाक्स जब्त कर लिया गया है। पूरा माले की कीमत 50 हजार रूपए आंकी गई है। खास बात यह है कि जिस जगह पर नकली मसाला मिला है वह ट्रांसपोर्ट दुकान है, ऐसे में आशंका व्यक्त कि जा रही है कि यहां से व्यापार विहार के नामी दुकानों में नकली मसाला पहुंचाया जाना था जिसे टीम ने पकड़ लिया है, एक हफ्ते पहले भी ट्रांसपोर्टर्स से नकली मसाला जब्त किया था। ऐसे में यह आशंका व्यक्त की जा रही है कि ब्रांडेड मसालों की नकली माल व पैकेजिंग कर बेचा जा रहा है, जिसमें मिलावट भी की जा रही है। अब खाद्य अधिकारी पुलिस और आरटीओ द्वारा ऐसे ट्रांसपोटर्स पर कार्रवाई की बात कह रहे है।

- खाद्य विभाग का छापा
- 50 हजार रुपए का माल सील




### कंपनी से जानकारी मंगाई गई

नकली मसाला पकड़ा गया है, एवरेस्ट कंपनी से इस संबंध में जानकारी मांगी गई है, प्रारंभिक जांच में नकली की पुष्टि की गई है। कंपनी द्वारा इस विषय में सबूत देने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

**-आर आर देवांगन,** अभिहित अधिकारी

## खबर संक्षेप

### नपं शिवनंदनपुर में अध्यक्ष व पार्षद पद के लिए नामांकन पत्र लिए गए

**बिश्रामपुर।** नगर पंचायत शिवनंदनपुर के निर्वाचन प्रक्रिया में आज मंगलवार को अध्यक्ष पद हेतु एक नामांकन व पार्षद पद हेतु तीन अभ्यर्थियों ने नामांकन पत्र लिए हैं।रिटर्निंग ऑफिसर श्रीमती शिवानी जायसवाल ने बताया कि नगर पंचायत शिवनंदनपुर में निर्वाचन प्रक्रिया शुरू होने उपरांत अब नामांकन पत्र लिए जाने की प्रक्रिया शुरू है। जिसमें पहले दिन सोमवार को केवल एक पार्षद पद हेतु नामांकन पत्र लिए गए थे, लेकिन मंगलवार को एक अध्यक्ष पद हेतु और तीन पार्षद पद हेतु नामांकन पत्र अभ्यर्थियों द्वारा लिए गए हैं। उन्होंने बताया कि यह प्रक्रिया 18 मई तक चलेगी। प्रत्याशी प्रतिदिन सुबह 10.30 बजे से दोपहर 3 बजे तक अपने नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करना व जमा करने की प्रक्रिया पूर्ण कर सकेंगे। इसके बाद 19 मई को नामांकन पत्रों की जांच होगी। 21 मई तक उम्मीदवार अपना नाम वापस ले सकेंगे। इसी दिन अंतिम प्रत्याशी सूची जारी कर चुनाव चिन्हों का आवंटन भी किया जाएगा। यहां पर पहले दिन पार्षद पद हेतु दो नामांकन अभ्यर्थियों द्वारा लिए गए हैं।

### दाबेली दुकान संचालक की संदिग्ध मौत, पार्षद ने की जांच की मांग

**अम्बिकापुर।** मिशन चौक निवासी एवं टुनटुन दाबेली दुकान के संचालक अमन ओझा की झारखण्ड में संदिग्ध परिस्थितियों में शव मिलने के मामले में वरिष्ठ भाजपा पार्षद आलोक दुबे ने पुलिस पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है तथा आईजी को ज्ञापन सौंप मामले की जांच कराने की मांग की है। ज्ञापन में उन्होंने उल्लेख किया है कि मृतक अमन ओझा का शव संदिग्ध परिस्थितियों में गढ़वा में मिला है तथा उसकी हत्या करने की आशंका जताई जा रही है। घटना के चार-पांच दिन पूर्व ही मृतक ने सोशल मीडिया पर अपनी वीडियो प्रसारित कर अपनी पत्नी व बच्चे को बहला फुसलाकर जयस्तंभ चौक निवासी एक समुदाय विशेष के युवक द्वारा अपने साथ ले जाने एवं युवक द्वारा जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया था। मृतक ने अप्रैल महीने में मामले की शिकायत कोतवाली पुलिस एवं कलेक्टर जनदर्शन में भी की थी लेकिन किसी ने भी मामले में संज्ञान नहीं लिया। उसने अपने आवेदन में पत्नी एवं बच्चे को भगाने वाले युवक एवं धमकी देने वाले लोगों के नाम एवं उनके मोबाइल नम्बर का भी उल्लेख किया है। वह मानसिक रूप से परेशान था। सबकुछ जानते हुए भी पुलिस की साइबर शाखा, नगर पुलिस अधीक्षक, गांधीनगर एवं कोतवाली पुलिस ने लापरवाही पूर्वक मामले में कोई कार्रवाई नहीं की। पड़ोसी राज्य झारखण्ड के गढ़वा जिले में संदिग्ध परिस्थितियों में उसका शव मिलने से शहर एवं समाज में घोर निराशा एवं आक्रोश है।

### नाबालिग से दुष्कर्म करने वाले आरोपी को 20 साल की सजा

**रायगढ़।** शादी करने का झांसा देकर नाबालिग को बहलाफुसला कर भगा ले जाने और उसके साथ दुष्कर्म करने के मामले में न्यायालय ने 20 वर्षीय आरोपी युवक को 20 साल के सश्रम कारावास से दंडित किया है। इस संबंध में लोक अभियोजक गोविंद कुमार दुबे ने जानकारी देते हुए बताया कि कोतरा रोड थाना क्षेत्र अंतर्गत निवासी नाबालिग बालिका से आरोपी करन डोम पिता चैतनराम डोम 20 वर्ष से परिचय वर्ष 2024 में एक अज्ञात नंबर के कॉल से हुआ। जिसके बाद दोनों एक दूसरे मोबाइल के माध्यम से ही बातचीत करते थे। इसी बीच करन ने नाबालिग को पसंद करने की बात कही और इसी दौरान दोनों के बीच शादी करना भी तय हुआ। माह अप्रैल 2024 में करन नाबालिग के घर के पास पहुंचा और उसे घुमाने के बहाने बहलाफुसला कर कुम्भीचुआं पत्थलगांव ले गया, जहां उसने नाबालिग के साथ दुष्कर्म किया। तब परिजनों ने नाबालिग बालिका के गुम होने की शिकायत थाने में दर्ज कराई, लेकिन इस घटना के बारे में नाबालिग ने अपने परिजनों को कुछ नहीं बताया। इसी बीच 27 मई 2025 को करन नाबालिग के घर के पास आया और शादी करने की बात कही। तब नाबालिग ने अपनी दादी को दुकान जाने की बात कहते हुए घर से निकली और करन के साथ 28 मई को गेरवानी और फिर पुरी ओडिशा चली गई।

## पृष्ठ 1 का शेष

### पर्यटन स्थल...

जाएगा। नीचे में नदी के किनारे इको कारिडोर बनेगा। गार्डन का रूप भी खाली पड़े जगह को दिया जाएगा। लाइटिंग की व्यवस्था के लिए भी आसपास के गावों से बिजली पहुंचाई जाएगी। पहाड़ के उपर वर्तमान में सोलर पैनल के द्वारा ही लाइटिंग की व्यवस्था की गई है। उसे और विस्तार का रूप दिया जाएगा। पहाड़ के उपर पानी की व्यवस्था न होने के कारण आम लोगों को इस समस्या से जूझना पड़ता था। पहाड़ के उपर पाइप लाइन बिछायी जाएगी। पूर्व में भी पाइप लाइन बिछाने का काम किया गया था, लेकिन तकनीकी कारणों से सफल नहीं हो सका था।

### नदी में नहाने...

के सुपुर्द कर दिया है। जानकारी के अनुसार बीते शनिवार को निर्मला यादव के परिजनों ने उसके गुम होने की सूचना थाना में दर्ज करायी थी। पुलिस गुम इंसान दर्ज कर निर्मला यादव की खोजबीन की जा रही थी। इस बीच मंगलवार की सुबह ग्राम खम्हरिया से लगे पाली खोड़री बसावट के पीछे अहिरन नदी में युवती का शव देखा गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची, पुलिस ने शव को निर्मला यादव होने की पुष्टि कर शव को पीएम कराकर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दी है। मामले में पुलिस मर्ग कायम कर जांच शुरु कर दी है।

## पीएम सूर्यघर योजना का चल रहा अभियान

# जिन वार्डों में घर-घर सोलर पैनल, वहां होंगे 1 करोड़ के अतिरिक्त विकास कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नगर निगम क्षेत्र के ऐसे वार्ड जिनके शत प्रतिशत घरों में प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना अंतर्गत सोलर पैनल स्थापित कर लिये जाएंगे, उन वार्डों में 1 करोड़ रूपये के अतिरिक्त विकास कार्य जिला प्रशासन द्वारा कराये जायेंगे। प्रदेश के उद्योग, वाणिज्य, सार्वजनिक उपक्रम, आबकारी व श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की इस जनहितैषी योजना का अधिकाधिक लाभ पहुंचाने के मद्देनजर इसकी घोषणा की है, वहीं कलेक्टर कुणाल दुदावत ने योजना का अधिकतम प्रचार प्रसार करने, सोलर पैनल लगवाने हेतु लोगों को प्रेरित व प्रोत्साहित करने तथा इस दिशा में ठोस व त्वरित कार्यवाही किये जाने के निर्देश अधिकारियों को दिये हैं।


फाइल फोटो

उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महती योजना प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का क्रियान्वयन फरवरी 2024 में आम जनता के हित में किया गया था, जनहित में लागू की गई यह योजना आवासीय परिसरो,घरों रूफ टॉप सोलर पैनल सयंत्र स्थापित कर उपभोक्ताओं को बिजली उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, इसके माध्यम से उपभोक्ता न केवल अपने घरेलू बिजली आवश्यकताओं की पूर्ति कर सकेंगे बल्कि अतिरिक्त विद्युत को ग्रिड में प्रवाहित कर आर्थिक लाभ भी प्राप्त कर पाएंगे, यह पहल हर घर को ऊर्जा उत्पादक बनाने, बिजली हेतु आत्मनिर्भर करने तथा बिजली बिल के भार से मुक्त होने व इससे अतिरिक्त आय अर्जित करने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन में राज्य सरकार इस योजना के सफल क्रियान्वयन तथा इसका अधिकाधिक लाभ आम नागरिकों को पहुचाने की दिशा में तेजी से कार्य कर रही है। जिले के साथ-साथ नगर पालिक निगम क्षेत्र में भी योजना का व्यापक प्रचार प्रसार कर एवं घर-घर संपर्क कर सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत सोलर पैनल स्थापित किये जाने का कार्य एक अभियान के रूप में किया जा रहा है। इस योजना का अधिकाधिक लाभ आमजन उठायें तथा सभी घरों में सोलर पैनल स्थापित हों, इस दिशा में प्रेरित व प्रोत्साहित किये जाने हेतु उद्योग मंत्री श्री लखनलाल देवांगन ने यह घोषणा की है कि जिन वार्डो के सभी घरों में सोलर पैनल स्थापित होंगे, उन वार्डों में नियमित रूप से किये जा रहे विकास कार्यो के अतिरिक्त पृथक से 1 करोड़ रूपये के अतिरिक्त विकास कार्य कराये जाएंगे। कलेक्टर कुणाल दुदावत ने इस योजना का अधिक से अधिक प्रचार प्रसार किये जाने व लोगों को प्रेरित व प्रोत्साहित करने, योजना के लाभों से लोगों को अवगत कराने व सोलर पैनल लगाये जाने की दिशा में ठोस व त्वरित कार्यवाही किये जाने के निर्देश अधिकारियों को दिये हैं।

#### शासन से मिल रही भारी सब्सिडी

प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत जहां एक ओर शासन से भारी सब्सिडी मिल रही है तो वहीं दूसरी ओर शेष राशि हेतु कम ब्याज दर पर बैंक से ऋण प्राप्त करने की सुविधा भी है। 1 किलोवाट क्षमता का सोलर पैनल संयंत्र स्थापित कराये जाने पर केन्द्र सरकार द्वारा 30 हजार रूपये, राज्य सरकार द्वारा 15 हजार रूपये कुल 45 हजार रूपये की सब्सिडी दी जा रही है। इसी प्रकार 2 किलोवाट के संयंत्र पर केन्द्र सरकार का अनुदान 60 हजार रूपये, राज्य सरकार का अनुदान 30 हजार रूपये, कुल अनुदान 90 हजार रूपये प्राप्त हो रहा है, वहीं 3 किलोवाट या उससे अधिक क्षमता के संयंत्र पर केन्द्र सरकार 78 हजार रूपये, राज्य सरकार से 30 हजार रूपये, कुल 1 लाख 8 हजार रूपये की सब्सिडी उपभोक्ता को प्राप्त हो रही है।

## अपरा एकादशी आज, कथा सुनने से मिलती है पापों से मुक्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



येष्ठ मास के कृष्ण पक्ष की अपरा एकादशी इस वर्ष 13 मई को मनाई जाएगी। सनातन धर्म में अपरा एकादशी का विशेष धार्मिक महत्व माना गया है। मान्यता है कि इस व्रत को विधि-विधान से करने और कथा सुनने से व्यक्ति को पापों से मुक्ति मिलती है तथा भगवान विष्णु की विशेष कृपा प्राप्त होती है। धार्मिक पंचांग के अनुसार अपरा एकादशी तिथि मंगलवार को दोपहर 2 बजकर 52 मिनट से प्रारंभ होगी और 13 मई को दोपहर 1 बजकर 29 मिनट तक रहेगी। उदया तिथि के आधार पर अपरा एकादशी व्रत 13 मई को रखा जाएगा। व्रत का पारण 14 मई को सुबह 6 बजकर 4 मिनट से सुबह 8 बजकर 41 मिनट के बीच किया जाएगा। श्रद्धालु इस दौरान विधिपूर्वक भगवान विष्णु की पूजा-अर्चना कर व्रत का समापन करेंगे। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार अपरा एकादशी को अचला एकादशी भी कहा जाता है। इस दिन भगवान विष्णु की पूजा, व्रत, दान-पुण्य और कथा श्रवण का विशेष महत्व होता है। मान्यता है कि इस व्रत के प्रभाव से व्यक्ति के सभी पाप नष्ट हो जाते हैं और उसे मोक्ष की प्राप्ति होती है।

### मातृ दिवस पर प्रतिभा सम्मान का आयोजन



**कोरबा।** मातृ दिवस उपलक्ष्य पर नवप्रभा सेवा समिति की अध्यक्ष कविता सोनी द्वारा मातृ नारीशक्ति वंदन सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मां और बेटी का फैशन शो और प्रतिभा आयोजित किया गया। जिसमें बालको एमजीएम स्कूल की पांचवी कक्षा की छात्रा इशिका कुशवाहा ने भाग लिया और सम्मानित हुई।

## बांकीमोंगरा पालिका अध्यक्ष ने 17 परिवारों को सौंपा उनके सपनों के घर का स्वीकृति पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ बांकीमोंगरा

नगर पालिका परिषद बांकीमोंगरा में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत पात्र हितग्राहियों के अपने घर का सपना अब साकार होने जा रहा है। पालिका अध्यक्ष श्रीमती सोनी विकास झा ने एक गरिमामय कार्यक्रम के दौरान कुल 17 हितग्राहियों को आवास स्वीकृति पत्र प्रदान किए। स्वीकृति पत्र पाकर हितग्राहियों के चेहरे खिल उठे और उन्होंने पालिका प्रशासन का आभार व्यक्त किया।


कार्यक्रम में उपस्थित अध्यक्ष व हितग्राही।

नगर पालिका कार्यालय में आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान श्रीमती सोनी विकास झा ने स्वयं अपने हाथों से हितग्राहियों को प्रमाण पत्र सौंपे। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप हर गरीब और जरूरतमंद परिवार के सिर पर पक्की छत हो, यही हमारा मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने चयनित 17 हितग्राहियों को बधाई देते हुए जल्द से जल्द निर्माण कार्य शुरू करने और किस्तों का सही समय पर उपयोग करने की सलाह दी। हितग्राहियों को संबोधित करते हुए पालिका अध्यक्ष ने कहा कि आवास योजना केवल एक मकान नहीं, बल्कि एक परिवार का सम्मान और सुरक्षा है। हमारी कोशिश है कि कोई भी पात्र व्यक्ति इस योजना से वंचित न रहे। उन्होंने अधिकारियों को भी निर्देशित किया कि निर्माण कार्यों की मॉनिटरिंग की जाए ताकि आवासों की गुणवत्ता बेहतर बनी रहे और हितग्राहियों को राशि प्राप्त करने में कोई समस्या न आए।

### नहर निर्माण कार्य में लगा ट्रैक्टर पलटा, दबकर ग्रामीण की मौत

**वाड्रफनगर।** मंगलवार को म सोनहत के समीप नहर निर्माण कार्य में लगा ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया। इस हादसे में ट्रैक्टर के नीचे दबने से चालक की मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना के बाद क्षेत्र में मातम पसर गया है। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है और घटना की जांच चल रही है। बताया जा रहा है कि रघुनाथनगर थाना क्षेत्र में जल संसाधन विभाग द्वारा नहर का निर्माण कराया जा रहा है। नहर निर्माण कार्य में ग्राम पंडरी निवासी 50 वर्षीय विजय दुबे भी लगे हुए थे। विजय दुबे मंगलवार को निर्माण सामग्री लेकर ट्रैक्टर से ग्राम पंचायत सोनहत की ओर जा रहे थे। इस दौरान गांव के मोड़ पर चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया और तेज रफ्तार ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया। ट्रैक्टर के पलटने से विजय दुबे इंजन के नीचे दब गया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

## नगर पालिक निगम के फेस आफ द मंथ चुने गए शंकर, पीताम्बर एवं सचिन

**कोरबा।** नगर निगम के सहायक राजस्व निरीक्षक शंकर साहू, सहायक राजस्व निरीक्षक पीताम्बर साहू एवं सफाई कामगार सचिन कुमार को मई माह का फेस आफ द मंथ चुना गया है। महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत व आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने फेस आफ द मंथ चुने गए इन कर्मचारियों को बधाई दी है तथा कार्य के प्रति उनकी निष्ठा की सराहना की है।


उत्कृष्ट कार्यों हेतु निगम के छोटे कर्मचारी हो रहे सम्मानित

उल्लेखनीय है कि आज से 1 वर्ष पूर्व निगम का फेस आफ द मंथ चुने जाने का सिलसिला प्रारंभ हुआ था, इसका मुख्य उद्देश्य निगम के उत्कृष्ट कार्य करने वाले तृतीय व चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को सम्मानित करना, उनका उत्साहवर्धन करना एवं अन्य कर्मचारियों को भी इस हेतु प्रेरित व प्रोत्साहित करना था। इसी कड़ी में निगम के सहायक राजस्व निरीक्षक शंकर साहू , सहायक राजस्व निरीक्षक पीताम्बर साहू एवं सफाई कामगार सचिन कुमार को मई माह हेतु निगम का फेस आफ द मंथ चुना गया है। फेस आफ द मंथ चुने गए शंकर साहू , पीताम्बर साहू एवं सचिन कुमार ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा है कि निगम प्रशासन ने हम लोगों के परिश्रम व कार्य के प्रति हमारी निष्ठा के लिए हमें जो सम्मान दिया है, उसके लिए हम निगम प्रशासन के प्रति दिल से आभारी हैं, उन्होने कहा कि हम अपने आपको सम्मानित महसूस कर रहे हैं, हमें इससे यह प्रेरणा मिली है कि हम आगे और भी अधिक अच्छा कार्य करें, अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करते रहें। आयुक्त ने निगम के फेस आफ द मंथ के रूप में कर्मचारियों का चयन किए जाने हेतु समिति का गठन किया है। अपर आयुक्त की अध्यक्षता में गठित इस समिति में अधीक्षण अभियंता, कार्यपालन अभियंता (योजना), उपायुक्त (स्थापना प्रभारी), राजस्व अधिकारी, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी व अध्यक्ष महिला उत्पीडन, उन्मूलन समिति सदस्य के रूप में शामिल किए गए हैं, यह समिति निगम में कार्यरत कर्मचारियों के कार्यो का आंकलन करते हुए माह में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 3 कर्मचारियों का चयन फेस आफ द मंथ के रूप में कर रही है।

## अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस पर आयोजित हुआ सम्मान समारोह


कार्यक्रम में उपस्थित अस्पताल की नर्स व चिकित्सा अधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस के अवसर पर आज गोपाल मल्टीस्पेशिलिटी हॉस्पिटल, कटघोरा में नर्सों के सम्मान में समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमति रश्मि कंवर खण्ड चिकित्सा अधिकारी कटघोरा विशिष्ट अतिथि डिस्ट्रिक्ट पीआरओ अजय धनोंदिया, पार्षद राजूदास दीवान, अनुराग तिवारी व कार्यक्रम की अध्यक्षता गोपाल बन गोस्वामी, डायरेक्टर गोपाल मल्टीस्पेशिलिटी हॉस्पिटल कटघोरा व मनोज अग्रवाल अध्यक्ष लायन्स क्लब कटघोरा छुरी ने की।

कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन कर की गई। इस अवसर पर अस्पताल की नर्सिंग स्टाफ का पुष्पगुच्छ, प्रशस्ति पत्र एवं उपहार देकर सम्मान किया गया। समारोह में वक्ताओं ने नर्सों की सेवा, समर्पण एवं मानवता के प्रति उनके अतुलनीय योगदान की सराहना की। मुख्य अतिथि श्रीमती रश्मि कंवर ने कहा कि नर्से स्वास्थ्य सेवा व्यवस्था की रीढ़ होती हैं। मरीजों की देखभाल, सेवा और उपचार में उनकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण एवं प्रेरणादायक है। उन्होंने कहा कि नर्सों का धैर्य, करुणा और सेवा भावना समाज के लिए एक मिसाल है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे गोपाल बन गोस्वामी ने कहा कि अस्पताल परिवार अपनी नर्सिंग टीम के समर्पण और मेहनत पर गर्व करता है। उन्होंने कहा कि मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने में नर्सों की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होती है और उनका सम्मान करना हम सभी का कर्तव्य है। अंत में सभी नर्सों को अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस की शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य एवं स्वस्थ समाज निर्माण में निरंतर योगदान की कामना इस अवसर पर डा हेमन्त तिवारी,डॉ प्रियंका भगत,डॉ प्रवीण कुमार,समीर कुजूर,विनीता कंवर,सुसुम सिस्टर,राधिका सिंह सहित सभो डॉक्टर नर्स व हॉस्पिटल के कर्मचारि व लायन सदस्य उपस्थित रहे।

#### डीएसपीएम के चिकित्सालय में हुआ आयोजन

डॉ श्यामा प्रसाद ताप विद्युत गृह स्थित मुख्य चिकित्सालय में नर्सेज डे मनाया गया। संयंत्र के मुख्य अभियंता संजीव कंसल ने चिकित्सालय की सभी नर्सों को अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की। वहां उपस्थित अधिकारियों द्वारा चिकित्सालय में कार्यरत सभी नर्सों का पुष्प देकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर अति मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सी पी जयसवाल, एडवाइजर डॉ. सतीश खरे, वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. जे पी सोनी, डॉ. निरंजना गभेल, डॉ अभिषेक रामटेके चिकित्सा अधिकारी डॉ प्रज्ञा चंद्रा, डॉ गरिमा नायडू, डॉ कान्हा कृष्ण अग्रवाल एवं चिकित्सालय के सभी स्टाफ उपस्थित थे।



## संगठन की एकजुटता ही पार्टी के विजय की बनेगी आधार : लखन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

भारतीय जनता पार्टी जिला कोरबा की कोर कमेटी बैठक मंगलवार को जिला भाजपा कार्यालय पंडित दीनदयाल कुंज, टीपी नगर में आयोजित की गई। बैठक में आगामी नगरीय निकाय उपचुनाव एवं त्रिस्तरीय पंचायत उपचुनाव को लेकर विस्तृत रणनीति पर चर्चा करते हुए संगठन को बूथ स्तर तक और अधिक मजबूत बनाने पर जोर दिया गया।

बैठक के दौरान नेताओं ने कार्यकर्ताओं से आगामी चुनावों में पूरी ऊर्जा और समर्पण के साथ जुटने का आह्वान किया। वक्ताओं ने कहा कि भाजपा की ताकत उसके समर्पित कार्यकर्ता हैं और संगठन की एकजुटता ही पार्टी की विजय का आधार बनेगी। साथ ही चुनावी तैयारियों, बूथ प्रबंधन, जनसंपर्क अभियान एवं संगठनात्मक गतिविधियों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। भाजपा नेताओं ने केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने तथा जनता के बीच लगातार सक्रिय रहने पर विशेष बल दिया। बैठक में चुनावी रणनीति के साथ संगठनात्मक समन्वय और कार्यकर्ताओं की भूमिका को लेकर भी महत्वपूर्ण मार्गदर्शन दिया गया। बैठक में उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन, भाजपा जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी, जिला संगठन प्रभारी अनिल केशरवानी, जिला संगठन सह प्रभारी ब्रजेन्द्र शुक्ला, कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल, महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत, रायपुर संभाग सह प्रभारी डॉ. राजीव सिंह, प्रदेश मंत्री रितु चौरसिया, ज्योतिनंद दुबे व मनोज शर्मा सहित पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।


बैठक में शामिल कोर कमेटी के सदस्य।




## आस्था, आरुषि व आदित्य ने कक्षा में किया बेहतर प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छग माध्यमिक शिक्षा मंडल के बोर्ड और गृह परीक्षा में नगर के तीन होनहार विद्यार्थियों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। सरस्वती हायर सेकेंडरी स्कूल सीतामढ़ी में कक्षा दसवीं की छात्रा आस्था पाल ने 86 प्रतिशत अंक अर्जित कर प्रथम श्रेणी प्राप्त किया है। अपने विद्यालय में पांचवा स्थान हासिल किया है। इसी प्रकार सरस्वती शिशु विद्या मंदिर पुराना बस स्टैंड में कक्षा आठवीं की छात्रा आरुषि पाल ने 96.50 प्रतिशत अंक से पूरे विद्यालय में प्रथम स्थान अर्जित किया है। इसी विद्यालय में कक्षा छठवीं के छात्र आदित्य पाल ने 86.50 प्रतिशत अंक से परीक्षा उत्तीर्ण कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। ये तीनों विद्यार्थी व्यवसायी विजय कुमार पाल-सीमा पाल के पुत्र-पुत्री हैं।



## खबर संक्षेप

### निःशुल्क ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर 20 से

**कोरबा।** संचालनालय खेल एवं युवा कल्याण छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा जिले में संचालित विभिन्न खेल संघों के सहयोग से 21 दिवसीय निःशुल्क ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर 20 मई से 10 जून तक जिले के विभिन्न खेल मैदानों में संचालित होगा।इस शिविर का उद्देश्य नौनिहालों में खेल भावना को विकसित करना, उन्हें खेलों की बारीकियों से अवगत कराना और खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु प्रेरित करना है। फुटबॉल, व्हॉलीबॉल, बास्केटबॉल एवं तैराकी का प्रशिक्षण प्रियदर्शिनी इंदिरा स्टेडियम कोरबा में प्रदान किया जाएगा। हॉकी का प्रशिक्षण डांडिया ग्राउंड बाल्को कोरबा में प्रशिक्षक गोपाल दास महंत द्वारा दिया जाएगा। व्हॉलीबॉल का प्रशिक्षण एसईसीएल कोरबा में प्रशिक्षक सुशील गर्ग द्वारा संचालित होगा। फुटबॉल का प्रशिक्षण बांकीमोंगरा में प्रशिक्षक संजय विश्वास द्वारा दिया जाएगा। किक बॉक्सिंग का प्रशिक्षण सीएमए एकेडमी डी.डी.एम. रोड कोरबा एवं एसईसीएल कोरबा में प्रशिक्षक तारकेश मिश्रा द्वारा दिया जाएगा। ताइक्वांडो का प्रशिक्षण एनटीपीसी खेल मैदान, एसीबी दर्री तथा सीएमए एकेडमी कोरबा में प्रशिक्षक अनिल द्विवेदी एवं लोकेश राठौर द्वारा प्रदान किया जाएगा। तीरंदाजी का प्रशिक्षण एसईसीएल खेल मैदान कोरबा में प्रशिक्षक सेद कुमार यादव द्वारा दिया जाएगा। खो-खो का प्रशिक्षण विद्युत गृह शंकर सुवन गोपाल और शा.मा.शाला चैनपुर करतला में प्रशिक्षक पी. मिंज द्वारा संचालित होगा।

### वादाखिलाफी के विरोध में 21 से अनिश्चितकालीन खदान बंदी

**कोरबा।** एसईसीएल कुसमुंडा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम गेवरा बस्ती के ग्रामीणों का धैर्य अब जवाब दे चुका है पिछले 12 वर्षों से अपनी जमीन रोजगार और उचित बसाहट के लिए संघर्ष कर रहे ग्रामीणों ने आर-पार की लड़ाई का ऐलान कर दिया है प्रशासन और प्रबंधन को सौंपे गए अल्टीमेटम के अनुसार यदि 15 दिनों के भीतर उनकी मांगों का निराकरण नहीं हुआ तो 21 मई से कुसमुंडा खदान का चक्का पूरी तरह जाम कर दिया जाएगा। ग्रामीणों का आरोप है कि 13 मई 2014 से उनकी जमीनों पर स्टे लगाया गया और 18 जुलाई 2018 को अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू की गई लेकिन आज तक न तो मुआवजा मिला न ही नौकरी और बसाहट ग्रामीणों ने भावुक होते हुए कहा हम अपने ही घरों में कैदी बन गए हैं जमीन पर स्टे होने के कारण हम न उसे बेच पा रहे हैं और न ही बच्चों की शादी या अन्य सामाजिक कार्यों के लिए आर्थिक व्यवस्था कर पा रहे हैं । विज्ञप्ति के माध्यम से ग्रामीणों ने बताया कि खदान के विस्तार के कारण क्षेत्र का जलस्तर गिर चुका है खेती पूरी तरह चौपट हो गई है और पीने के पानी की भारी किल्लत है एसईसीएल प्रबंधन न तो पानी की व्यवस्था कर रहा है और न ही फसल के नुकसान की क्षतिपूर्ति दे रहा है।

### ग्राम बडगांव में गहराया जल संकट कई किमी दूर जाते हैं पानी लेने

**कोरबा।** केंद्र और राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी जल जीवन मिशन योजना बडगांव में भ्रष्टाचार, लापरवाही और प्रशासनिक उदासीनता की भेंट चढ़ती दिखाई दे रही है। गांव में करीब दो वर्ष पहले शुरू किया गया पानी टंकी निर्माण कार्य आज तक अधूरा पड़ा है। भीषण गर्मी के बीच ग्रामीण बूंद-बूंद पानी के लिए भटक रहे हैं, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी और जनप्रतिनिधि आंखें मूंदे बैठे हैं। ग्रामीणों के मुताबिक क्रेडा विभाग द्वारा शुरू किए गए निर्माण कार्य में अब तक केवल लोहे का ढांचा खड़ा किया गया है। न पानी की टंकी बनाई गई, न पाइपलाइन पूरी हुई और न ही बोरवेल की कोई ठोस व्यवस्था की गई। सबसे बड़ी चिंता यह है कि यह अधूरी संरचना निजी भूमि पर खड़ी कर दी गई है, जो तेज आंधी या तूफान में कभी भी बड़ा हादसा बन सकती है। ग्रामीण सवाल उठा रहे हैं कि आखिर बिना सुरक्षा और बिना पूर्ण निर्माण के यह काम क्यों छोड़ दिया गया? गांव में हालात इतने खराब हैं कि अधिकांश कुएं सूख चुके हैं। गांव का एकमात्र बोरवेल भी जवाब देने की स्थिति में पहुंच गया है। महिलाएं, बुजुर्ग और छोटे बच्चे कई किलोमीटर दूर से पानी ढोने को मजबूर हैं।

# टीन शेड में चल रहे हैं जिले के 28 छात्रावास, अब बदलेगी तस्वीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

जिले में आदिवासी कल्याण विकास विभाग के अधीन चलने वाले 28 छात्रावास ऐसे हैं जो अभी भी टीन शेड में संचालित हैं। जबकि जिला व राज्य बनने के बाद आश्रम छात्रावासों के नवनिर्माण को लेकर मरम्मत तक के कार्यों में करोड़ों रुपए खर्च हो चुके हैं। लेकिन इन 28 छात्रावासों की तस्वीर अब बदली जा रही है।

बीते दिनों खनिज न्यास मद की बैठक में नए कार्यों के प्रस्ताव पर मुहर लगने के बाद अब ऐसे स्थानों की ओर भी प्रशासन की नजर गई है जिन पर अब तक डीएमएफ की हुई बैठक में कोई प्रस्ताव भी नहीं तैयार हुआ था और न ही विभाग ने ही अपनी ओर से ऐसे प्रस्ताव डीएमएफ की शासी परिषद की बैठक में भेजे थे। ये मामला टीन शेड में चलने वाले 28 छात्रावासों से जुड़ा हुआ है। जिन्हें अब नया भवन दिया जाएगा। जबकि इसके पहले कई ऐसे आश्रम छात्रावास हैं जिनके पुराने भवन की जगह नए भवन दिए गए और जर्जर हो गए आश्रम छात्रावासों का करोड़ों रुपए की राशि से मरम्मत किया गया। उसके बाद भी टीन शेड में चलने वाले 28 छात्रावासों के नए भवन के लिए कोई प्रस्ताव नहीं बने थे। जबसे छात्रावास भवन तैयार हुए तब से आज तक केवल छात्रावासों की छत को खपरैल से हटाकर टीन शेड किया गया है और इस कार्य को भी 15 साल से अधिक का समय बीत गया और इस बीच कई नए छात्रावास भवन का निर्माण भी हुआ। टीन शेड में चलने वाले छात्रावासों के लिए नए भवन के लिए कोई प्रस्ताव नहीं बनने के पीछे विभागीय लापरवाही सामने आती है।

## आदिवासी विकास विभाग के अंतर्गत है संचालित

**खास बातें**

- करोड़ों खर्च करने के बाद अभी भी टीन शेड छात्रावासों को नहीं बदला गया




### मरेली में बन रहा है 1 करोड़ का भवन

करतला ब्लाक के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत उमरेली में पूर्व में संचालित 50 शीटर छात्रावास के लिए एक करोड़ की राशि से नया भवन बनाया जा रहा है। जबकि उस छात्रावास में रहने वाले छात्रों की संख्या भी कम हो गई है। फिर भी एक बड़ी राशि खर्च कर नए छात्रावास भवन का निर्माण किया जा रहा है। इसके साथ ही बीते वर्ष ही करतला और पाली ब्लाक के लाफा में नए भवन का निर्माण किया गया है।

## सुशासन तिहार में प्राप्त आवेदनों का समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करें : दुदावत

# कलेक्टर ने अधिकारियों को दी सख्त चेतावनी जनसमस्याओं के त्वरित निराकरण के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्टर कुणाल दुदावत ने समय-सीमा की बैठक लेकर विभिन्न विभागों के अंतर्गत लंबित प्रकरणों, मुख्यमंत्री जनदर्शन और सुशासन तिहार के अंतर्गत आयोजित जनसमस्या निवारण शिविरों में प्राप्त आवेदनों के निराकरण की समीक्षा की।

कलेक्टर कुणाल दुदावत ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे सुशासन तिहार के आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करें। उन्होंने अधिकारियों को शिविर स्थल पर निर्धारित समय तक अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने तथा आम नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री दुदावत ने कहा कि सुशासन तिहार केवल एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं है बल्कि यह शासन और आम जनता के बीच सीधे संवाद, विश्वास और समाधान का एक सशक्त माध्यम है। शासन की मंशा है कि आमजन को अपनी समस्याओं के लिए कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें, बल्कि प्रशासन स्वयं गांवों और शिविर स्थलों तक पहुंचकर उनकी समस्याएं सुने और मौके पर ही प्रभावी कार्रवाई करे। उन्होंने निर्देश दिए कि शिविर में आने वाले प्रत्येक नागरिक की बात को गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ सुना जाए और जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी जन-जन तक पहुंचाया जाए ताकि पात्र हितग्राही लाभान्वित हो सकें। कलेक्टर ने सुशासन तिहार में प्राप्त आवेदनों की समीक्षा के दौरान, शिविर संपन्न होने के कई दिनों बाद भी आवेदनों का निराकरण नहीं करने पर जनपद सीईओ करतला को शोकॉज नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने विद्युत विभाग को विशेष निर्देश दिए कि बिजली बिल सुधार और खराब ट्रांसफार्मर की शिकायतों का निराकरण 7 दिनों के भीतर सुनिश्चित किया जाए। अन्य आवेदनों के लिए उन्होंने 15 दिनों की समय-सीमा निर्धारित की। साथ ही, सभी एसडीएम को राशन कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, पेंशन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, पर्यवेक्षक और ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी से संबंधित शिकायतों पर गंभीरता से कार्रवाई करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने ग्राम पंचायतों के विकास कार्यों की राशि का गबन करने वाले सरपंचों से वसूली का प्रकरण दर्ज कर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जिले में राशन भंडारण और वितरण की समीक्षा करते हुए उन्होंने शहरी क्षेत्रों में पार्षदों और निगम कर्मचारियों तथा ग्रामीण क्षेत्रों में पटवारी, सरपंच, सचिव और कोटवारों के माध्यम से वितरण में तेजी लाने को कहा। उन्होंने तहसीलदार को मॉनिटरिंग करने और प्रगति कम होने पर संबंधित खाद्य निरीक्षकों को नोटिस जारी करने के निर्देश देते हुए प्रतिदिन 10 प्रतिशत वितरण की प्रगति लाने का लक्ष्य दिया।



अधिकारियों की बैठक लेते कलेक्टर।

### कलेक्टर ने की ऐग्रिस्टेक पोर्टल की समीक्षा

करते हुए एसडीएम को मॉनिटरिंग करने और पटवारी, वीएलई, आरएईओ के माध्यम से मई माह तक शत प्रतिशत किसानों का पंजीयन के निर्देश दिये। उन्होंने सीसीबी नोडल और उप पंजीयक सहकारिता को राजस्व विभाग के साथ समन्वय बनाकर ऐग्रिस्टेक पूर्ण कराने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने इसकी प्रतिदिन मोनिटरिंग के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने राजस्व प्रकरणों की समीक्षा भी की। उन्होंने तहसीलदार को अविवादित, विवादित नामांतरण, खाता विभाजन, सीमांकन, वृक्ष कटाई, किसान किताब सहित अन्य प्रकरणों को समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए।

## शिविर में एक हजार से अधिक मिले आवेदन अधिकारी कर सके 370 का निराकरण



शिविर में उपस्थित ग्रामीण व जनप्रतिनिधि।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

ग्राम चुइया में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्रामीणों की समस्याओं का त्वरित निराकरण करते हुए शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाई गई। शिविर में 1114 आवेदन प्राप्त हुआ जिसमें से 370 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया।

सुशासन तिहार शिविर में अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य श्रीमती रेणुका राठिया, जनपद अध्यक्ष श्रीमती बीजमती राठिया, जनपद अध्यक्ष श्रीमती कौशल्या देवी, हरिशंकर यादव, श्रीमती कुंती चन्द्रा सहित अन्य जन प्रतिनिधि शामिल हुए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशन में प्रदेश में सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान में दूरस्थ क्षेत्र के ग्रामीणों की समस्याओं का निराकरण आसान हो गया है। शिविर में सभी अधिकारियों की उपस्थिति रहती है। इसके अलावा जरूरतमंद हितग्राहियों को शासन की योजनाओं के तहत लाभान्वित भी किया जा रहा है। शिविर में सभी विभागों द्वारा अपने-अपने स्टॉल लगाए गए, जहां विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने शासन की योजनाओं, पात्रता, आवेदन प्रक्रिया एवं लाभ संबंधी विस्तृत जानकारी ग्रामीणों को प्रदान की। स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, खाद्य, कृषि, राजस्व, श्रम, शिक्षा, विद्युत, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी सहित अन्य विभागों ने अपनी योजनाओं का प्रचार-प्रसार करते हुए नागरिकों को जागरूक किया।

# डिस्ट्रिक्ट गवर्नर का हुआ निर्वाचन, चुने गए पदाधिकारी




नवनिर्वाचित पदाधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

आगामी सत्र 26-27 के लिए इंटरनेशनल डायरेक्टर इंडोरसी, डिस्ट्रिक्ट गवर्नर, प्रथम व द्वितीय वाईस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर का चुनाव को सम्पन्न कराने के लिए गवर्नर विजय अग्रवाल ने राजेन्द्र तिवारी पूर्व मल्टीपल कौंसिल चेयरमैन को इस चुनाव का चेयरमैन नियुक्त किया था जिस पर श्री तिवारी ने इस चुनाव को सम्पन्न कराने के लिए अपनी कमेटी में 10 लायन सदस्यो को शामिल किया। जिस पर 10 मई को दोपहर 3 बजे से 6 बजे तक मतदान प्रारम्भ कराया गया। जिसमें इंटरनेशनल डायरेक्टर इंडोरसी के लिए राजकुमार अग्रवाल कोरबा व बसन्त मिश्रा जमनीपाली, डिस्ट्रिक्ट गवर्नर के लिए रिपुदमन पुसरी रायपुर,प्रथम वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर के लिए पवन मलिक सतना मध्यप्रदेश व द्वितीय वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर के लिए भिलाई से अनिल अग्रवाल व बिलासपुर से आशीष अग्रवाल आमने सामने थे जिसमे लोगो के लिए चुनाव का मुख्य आकर्षण इंटरनेशनल डायरेक्टर व वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर द्वितीय का चुनाव मुख्य था क्योंकि इसमें प्रतिद्वंद्वी आमने सामने थे बाकी पद के लिए निर्विरोध थे जिसमें डिस्ट्रिक्ट 3233 सी में आने वाले 150 क्लबो में से चिन्हांकित 302 मतदाताओं में से 301 मतदाताओं ने अपने मतों का प्रयोग करते हुए चुनाव को शांतिपूर्वक सम्पन्न कराने में अपना सहयोग प्रदान किया ततपश्चात गिनती होने के पश्चात चुनाव कमेटी के चेयरमैन राजेन्द्र तिवारी ने अपनी रिपोर्ट गवर्नर विजय अग्रवाल को सोपी गई जिसका गवर्नर के द्वारा विधिवत सदन में उपस्थित सभी सदस्यों के सामने चुनाव के परिणामो को सुनाया गया जिसमें इंटरनेशनल डायरेक्टर (इंडोरसी) के लिए राजकुमार अग्रवाल (कोरबा) डिसट्रिक्ट गवर्नर 26-27 के लिए रिपुदमन पुसरी(बिलासपुर) वाईस डिसट्रिक्ट गवर्नर प्रथम के लिए पवन मलिक (सतना मध्यप्रदेश) वाईस डिसट्रिक्ट गवर्नर द्वितीय के लिए अनिल अग्रवाल (भिलाई) के नामो की घोषणा की गई जिसका उपस्थित सदन ने ताली बजाकर स्वागत किया।

## शराब दुकान में नौकरी के नाम पर लाखों की ठगी

**कोरबा।** शराब दुकान में सुपरवाईजर के पद पर नौकरी लगाने के नाम से प्लेसमेंट कंपनी के कर्मचारियों पर ढाई लाख रुपए की ठगी का आरोप लगाया है। पीड़ित युवक ने शहर के दादरखुर्द हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी निवासी सुशांत त्रिपाठी के मुताबिक शराब दुकान का संचालन करने वाली ग्लोबल कंपनी के कर्मचारी अनिल सोनवानी व किशन मेहर ने उसे शराब दुकान में सुपरवाईजर के पद पर नौकरी लगाने की बात कही थी। जिसके लिए ढाई लाख रुपए युवक से लिया गया था। पैसा लेने के बाद युवक नौकरी लगने का इंतजार करते रहा लेकिन उसकी नौकरी नहीं लगी, जिसके बाद युवक ने ग्लोबल कंपनी के कर्मचारी अनिल सोनवानी व किशन मेहर से संपर्क किया, उनके द्वारा यह कहा गया कि जल्द ही तुम्हारी नौकरी लग जाएगी कहते हुए टाल मटोल करने लगे। अब तक सुशांत को ना पैसा मिला है और ना ही नौकरी, सुशांत ने जिला पुलिस से गुहार लगाई है।

# विश्वकर्मा मंदिर पर कार्रवाई के विरोध में उठी आवाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पाली रोड दीपका स्थित लगभग 36 वर्षों पुराने विश्वकर्मा मंदिर को नगर पालिका परिषद दीपका द्वारा कथित अवैध कब्जा बताकर की जा रही कार्रवाई के विरोध में अब क्षेत्रवासियों की आवाज मुखर होने लगी है। ग्राम दीपका निवासी रामप्रवेश शर्मा ने कलेक्टर को आवेदन सौंपकर मंदिर पर की जा रही कार्रवाई पर तत्काल रोक लगाने एवं मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है।



आवेदन में बताया गया है कि विश्वकर्मा मंदिर पिछले कई दशकों से क्षेत्र की धार्मिक आस्था, सामाजिक एकता एवं जनसहभागिता का प्रमुख केंद्र रहा है। मंदिर में नियमित रूप से पूजा-पाठ, धार्मिक अनुष्ठान, सामाजिक कार्यक्रम एवं जन कल्याणकारी गतिविधियां आयोजित होती रही हैं। स्थानीय ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों एवं समाज के सहयोग से निर्मित यह मंदिर क्षेत्रवासियों की भावनाओं से गहराई से जुड़ा हुआ है। रामप्रवेश शर्मा ने आरोप लगाया कि बिना उचित जांच, सीमांकन एवं वैधानिक प्रक्रिया अपनाए मंदिर को अवैध कब्जा घोषित करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मंदिर को लेकर प्रशासनिक दबाव बनाए जाने से श्रद्धालुओं एवं स्थानीय नागरिकों में भारी चिंता और आक्रोश का माहौल है। उनका कहना है कि वर्षों पुराने धार्मिक स्थल को अचानक विवादित बताना जनभावनाओं को ठेस पहुंचाने जैसा है। आवेदन में यह भी उल्लेख किया गया है कि पिछले 15 से 20 वर्षों में मंदिर परिसर में किसी प्रकार का नया निर्माण अथवा अतिक्रमण नहीं किया गया है। इसके बावजूद बेदखली और कार्रवाई की आशंका से मंदिर से जुड़े लोगों में भय का वातावरण बना हुआ है। रामप्रवेश शर्मा ने जिला प्रशासन से मांग की है कि मंदिर भूमि का निष्पक्ष सीमांकन कराया जाए, मामले की पूरी जांच की जाए तथा झूठी शिकायत एवं मानसिक प्रताड़ना के लिए जिम्मेदार लोगों के विरुद्ध उचित कार्रवाई की जाए।

## बस में छूटा महिला नकदी व जेवर से भरा पर्स, साइबर सेल ने लौटाया

**अंबिकापुर।** बस में यात्री का नगदी व जेवर से भरा बैग छूट गया। घटना की सूचना के बाद पुलिस व साइबर सेल की टीम ने एक घंटे के भीतर बस को ट्रैक कर महिला को उसका बैग सही सलामत वापस लौटाया गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार झारखंड के पलामू पड़वा मोड़ निवासी श्रवन सिंह आ. स्व. परमेश्वर सिंह पत्नी के साथ गढ़वा रोड से बस में बैठकर अम्बिकापुर आ रहे थे। अंबिकापुर पहुंचने के बाद वे परिवार के साथ बस से उतर गए लेकिन बस के जाने के कुछ देर बाद उन्हें पता चला कि पत्नी का लेडीज हैण्ड बैग बस में ही छूट गया है। उक्त बैग में महिला के सोने के आभूषण, नगदी रकम और मोबाइल फोन भी मौजूद थे। श्रवन सिंह ने घटना की सूचना पुलिस को दी जिसके बाद साइबर सेल प्रभारी अजीत कुमार मिश्रा व साइबर सेल की टीम ने बस को ट्रैक करने के साथ ही रास्ते में रुकवाकर वाहन की जांच की।

***कोरबा।** पंडित मुकुटधर पांडे साहित्य भवन में मुकुटधर संगीत प्रकोष्ठ के सौजन्य से विवाह विशेष गीत गायन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर सभापति नूतन सिंह ठाकुर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के संरक्षक जनाब युनूस दानियालपुरी ने की। विशिष्ट अतिथियों में डॉ. के.के. चंद्रा, हेमंत कुमार महुलीकर, जे.पी. दत्ता, पी.के. कौशिक, डॉ. गिरीश केसकर आदि शामिल रहे।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780




